बाबा श्याम हमारा है | By Shreshth Pandey

दीनो का दीनानाथ हारे का सहारा है
खाटू में जो बैठा वो श्याम हमारा है

जग से हुए हारे का साथी बन जाता है
साथी बनकर उसको ये जीत दिलाता है
भक्तों के दुखड़े को पल भर में मिटाता है
दीनो का दीनानाथ हारे का सहारा है
खाटू में जो बैठा वो श्याम हमारा है

डूबती हुई नैया का मांझी बन जाता है
जब याद करो इसको लीले चढ़ आता है
अपने हाथों से पतवार चलाता है
दीनो का दीनानाथ हारे का सहारा है
खाटू में जो बैठा वो श्याम हमारा है

रोती हुई आँखों में खुशिया ले आता है
आँखों को पोंछ कर ये गले लगाता है
ये दिलीप भी इसकी महिमा को गाता है
दीनो का दीनानाथ हारे का सहारा है
खाटू में जो बैठा वो श्याम हमारा है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b9%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-shreshth-pandey/